# के.बी.पी.जी. कालेज, मीरजापुर

## (सम्बद्ध महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी)

Website – kbpgcollege.ac.in
E-mail – kbpgcmzp@gmail.com

☎ 05442 – 222645
Fax No. 05442 – 222645

**पत्रांक :-** **दिनांक :- 17-08-2024**

### बी0ए0/बी0एस-सी0 प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) सत्र 2024-25 प्रवेश सूचना

बी0ए0 / बी0एस–सी0 (बायो एवं मैथ) **प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर)–2024–25** में प्रवेश हेतु द्वितीय प्रवेश वरीयता सूची का प्रकाशन महाविद्यालय के वेबसाइट www.kbpgcollege.ac.in पर अपलोड करने के साथ ही मुख्य द्वार पर चस्पा कर दी गयी है। द्वितीय प्रवेश वरीयता सूची का प्रवेश कार्य दिनांक 20 अगस्त 2024 से 24 अगस्त 2024 तक पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:30 बजे तक सभी कार्य दिवसों में किया जायेगा। वर्तमान सत्र में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं को केवल दो मुख्य विषय (मेजर) एवं एक गौड़ विषय (माइनर) का चयन करना होगा। **दो मेजर विषय एवं एक माइनर विषय का चयन अलग–अलग विषय पुंज (ग्रुप) से करना होगा।** विषय पुंज का विवरण वेबसाइट पर अपलोड है।

प्रवेश के समय प्रवेशार्थियों को अपने साथ हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट के अंक–पत्र एवं प्रमाण–पत्र की मूल प्रति, स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (टी0सी0) आरक्षण अधिभार से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र की मूल प्रति, EWS प्रमाण–पत्र की मूल प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी मेडिकल सार्टिफिकेट की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रवेश के समय प्रवेशार्थी का व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य है। केन्द्रीय बोर्ड (CBSC & ICSC Board) के इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अपना माइग्रेशन प्रमाण–पत्र मूल रूप में लाना अनिवार्य है। उपरोक्त प्रमाण–पत्रों के अभाव के में किसी भी प्रवेशार्थी का प्रवेश सम्भव नहीं होगा। दिनांक 24 अगस्त 2024 के बाद द्वितीय वरीयता सूची में स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों का प्रवेश किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा और उनका दावा स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

### बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर (सामुदायिक भवन) :-

| | | |
|---|---|---|
| **सामान्य वर्ग** | - | **समस्त (प्रथम सूची सहित)** |
| **सामान्य वर्ग (EWS)** | - | **समस्त** |
| **पिछड़ा वर्ग** | - | **समस्त (प्रथम सूची सहित)** |
| **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति** | - | **समस्त** |

### बी0एस-सी0 (मैथ) प्रथम सेमेस्टर (प्राणि विज्ञान प्रयोगशाला) :-

| | | |
|---|---|---|
| **सामान्य वर्ग** | - | **351 से 288 अंक तक** |
| **सामान्य वर्ग (EWS)** | - | **256 अंक** |
| **पिछड़ा वर्ग** | - | **310 से 234 अंक तक** |
| **अनुसूचित जाति/जनजाति** | - | **समस्त** |

### बी0एस-सी0 (बायो0) प्रथम सेमेस्टर (प्राणि विज्ञान प्रयोगशाला) :-

| | | |
|---|---|---|
| **सामान्य वर्ग** | - | **392 से 361 अंक तक** |
| **पिछड़ा वर्ग** | - | **360 से 355 अंक तक** |
| **अनुसूचित जाति/जनजाति** | - | **318 से 306 अंक तक** |

**नोट :- बी0ए0/बी0एस-सी0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश विषयों की उपलब्धता के आधार पर ही होगा।**

प्रो0 (अशोक कुमार सिंह)
प्राचार्य

# के0बी0पी0जी0 कालेज, मीरजापुर

## स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश नियमावली-2024-25
## स्नातक स्तर पर मेजर विषय के विषय पुंज/समूह
## कला संकाय हेतु विषय पुंज/समूह
### SUBJECT COMBINATION FOR ART FACULTY

| GROUP A | GROUP B | GROUP C | GROUP D | GROUP E | GROUP F | GROUP G |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हिन्दी | अंग्रेजी | प्राचीन इतिहास | अर्थशास्त्र | समाजशास्त्र | चित्रकला | शिक्षाशास्त्र |
| | संस्कृत | मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास | संगीत (तबला) | राजनीति शास्त्र | दर्शनशास्त्र | सैन्य विज्ञान |
| | | | | संगीत (गायन) | | मनोविज्ञान |
| | | भूगोल | | | | शारीरिक शिक्षा |

## विज्ञान संकाय हेतु विषय पुंज/समूह
### SUBJECT COMBINATION FOR SCIENCE FACULTY

| GROUP A | GROUP B | GROUP C |
|---|---|---|
| PHYSICS | MATHEMATICS | CHEMISTRY |
| ZOOLOGY | BOTANY | MILITARY SCIENCE |

## मेजर विषय आवंटन हेतु दिशा निर्देश

1. 2024-25 से एनईपी के अन्तर्गत चलाये जा रहे स्नातक पाठयक्रमों में विद्यार्थी को प्रवेश के समय तीन मेजर विषयों की जगह सिर्फ दो मेजर विषय का चयन किसी एक संकाय से करना होगा और यही उसका अपना संकाय (own faculty) होगा। इन्ही दो स्नातक मेजर विषय के साथ विद्यार्थी इस संकाय में वह अगले तीन वर्ष (छः सेमेस्टर) तक अध्ययन करेगा।
2. महाविद्यालय में अध्यापकों की उपलब्धता एवं संसाधनों के आधार पर विभिन्न मेजर विषयों की सीट पर प्रवेश दिया जायेगा।
3. छात्र को उपरोक्त विषय पुंज में दिये गये समूहों मे से किसी भी दो विषयों को मुख्य विषय (Major Subject) के रूप मे चुनना होगा।
4. छात्र को अपने पहले मुख्य विषय के लिए एक समूह से और दूसरे मुख्य विषय के लिये दूसरे समूह से विषय का चयन करना होगा।
5. **मेजर विषयों में केवल एक प्रायोगिक विषय का आवंटन किया जायेगा (विज्ञान संकाय के विषयों को छोड़कर)।**

## माइनर विषय आवंटन हेतु दिशा निर्देश

1. छात्र को अपने दो चयनित समूहों को छोड़कर किसी अन्य समूह से किसी एक विषय का और चयन करना होगा, जो उसका माइनर विषय (Minor Subject) होगा।
2. माइनर विषय का चयन मेजर विषय पुंज से भिन्न विषय पुंज से किया जायेगा, जो प्रायोगिक विषय न हो **(विज्ञान संकाय के लिये यह प्रतिबन्ध लागू नहीं होगी)।**
3. दो मेजर विषय के साथ विद्यार्थी को तीसरा विषय का भी चयन करना होगा, जो उसका मइनर विषय होगा। विद्यार्थी को एक-एक माइनर विषय का स्नातक प्रथम वर्ष (द्वितीय सेमेस्टर) एवं द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) में अध्ययन करना होगा।

4. माइनर विषयों में प्रायोगिक विषयों का आवंटन नहीं किया जायेगा (विज्ञान संकाय के लिये यह प्रतिबन्ध लागू नही होगी)।
5. महाविद्यालय मे उपलब्धता एवं प्रचलित कोर्सो के आधार पर माइनर विषय (Minor Subject) का आवंटन किया जायेगा।
6. माइनर पेपर का आवंटन स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में किया जायेगा। विद्यार्थी प्रथम एव द्वितीय वर्ष में माइनर हेतु चयन किये गये विषय के रूप में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के साथ प्रश्न–पत्र (Paper/Course) का अध्ययन करेगा।
7. माइनर पेपर की परीक्षा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में उस विषय की मेजर पेपर की परीक्षा के साथ सम्पन्न होगी।
8. मेजर पेपर के समान माइनर पेपर भी 06 क्रेडिट को होगा।

## कौशल विकास कोर्स एवं सह–पाठ्यक्रम के चयन हेतु दिशा निर्देश

1. स्नातक स्तर पर विद्यार्थी को मेजर एवं माइनर विषयों के साथ कौशल विकास कोर्स तथा सह–पाठ्यक्रम कोर्स का भी अनिवार्य रूप से अध्ययन करना होगा।
2. कौशल विकास कोर्स को विद्यार्थी स्नातक स्तर पर प्रथम तीन सेमेस्टर (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर) में अध्ययन करेगा तथा सह–पाठ्यक्रम कोर्स को उसे प्रथम चार सेमेस्टर (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) में अध्ययन करना होगा।
3. विद्यार्थियों को कौशल विकास कोर्स तथा सह–पाठ्यक्रम कोर्स के आवंटन को और सुविधाजनक बनाने के लिये सेमेस्टरवार इनका ग्रुप बना दिया गया है।
4. विद्यार्थी कौशल विकास कोर्स और सह–पाठ्यक्रम कोर्स का चयन नीचे दी गई सूची में से उस ग्रुप से करेगा जिसमें वह वर्तमान में अध्ययनरत होगा। अर्थात् यदि विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत है तो वह द्वितीय सेमेस्टर में उपलब्ध ग्रुप में से ही कौशल विकास कोर्स तथा सह–पाठ्यक्रम कोर्स का चयन कर सकता है, किसी अन्य सेमेस्टर के ग्रुप में से नही कर पायेगा।
5. स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर में विद्यार्थी को सह–पाठ्यक्रम कोर्स में एक भारतीय भाषा/स्थानीय भाषा का अध्ययन करना अनिवार्य होगा।

## कौशल विकास कोर्स Skill Development Courses

**प्रथम सेमेस्टर :-**

1- Voluntary Action and NGO Management
(बी0ए0/बी0एस–सी0 के छात्रों के लिये)

**द्वितीय सेमेस्टर :-**

1- Gandhian Model of Skill Development
(बी0ए0/बी0एस–सी0 के छात्रों के लिये)

## सह–पाठ्यक्रम कोर्स Co-Curricular Courses

**प्रथम सेमेस्टर :-**

1- Food, Nutrition and Hygiene
(बी0एस–सी0 के छात्रों के लिये)

2- First Aid and Health
(बी0ए0 के छात्रों के लिये)

**द्वितीय सेमेस्टर :-**

1- Human Values and Environmental Studies
(बी0एस–सी0 के छात्रों के लिये)

2- Physical Education and Yoga
(बी0ए0 के छात्रों के लिये)